# आचार संहिता से पहले भूमि पूजन समारोह की तैयारी

## 7 लाख करोड़ के 8000 एमओयू धरातल पर उतरने को तैयार

लखनऊ। प्रदेश में भूमि पूजन समारोह कराने की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। सरकार की कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले समारोह करा लिया जाए। विभागों ने अब तक करीब सात लाख करोड़ रुपये के एमओयू समारोह के लिए तैयार कर लिए हैं। भूमि पूजन समारोह में नौ लाख करोड़ रुपये के एमओयू को जमीन पर उतारने का लक्ष्य है।

फरवरी में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 38 लाख करोड़ के निवेश समझौते हुए थे। भूमि पूजन समारोह के लिए सभी विभागों को लक्ष्य दिए गए हैं। इसके सापेक्ष अब तक करीब सात लाख करोड़ के आठ हजार से अधिक प्रोजेक्ट ऐसे हैं जो धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। इनमें से छह हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट के लिए लिए एमओयू हो चुके हैं। भूमि पूजन समारोह के लिए पहले दिवाली का समय तय किया गया था, लेकिन लक्ष्य पूरा न होने से समय थोड़ा आगे बढ़ाया गया है। सूत्रों के मुताबिक दिसंबर में समारोह कराए जाने की उम्मीद है। ब्यूरो